BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA (Session 2025)
ASSIGNMENT–6 (Answer key)
Class 8 Subject Hindi

1)पठित गद्यांश को पढ़कर ध्यानपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दीजिए

उस दिन रात्रि में बिलवासी जी को देर तक नींद नहीं आई। वे चादर लपेटे चारपाई पर पड़े रहे। एक बजे वे उठे। धीरे, बहुत धीरे से अपनी सोई हुई पत्नी के गले से उन्होंने सोने की वह सिकड़ी निकाली जिसमें एक ताली बँधी हुई थी। फिर उसके कमरे में जाकर उन्होंने उस ताली से संदूक खोला। उसमें ढाई सौ के नोट ज्यों-के-त्यों रखकर उन्होंने उसे बंद कर दिया। फिर दबे पाँव लौटकर ताली को उन्होंने पूर्ववत अपनी पत्नी के गले में डाल दिया। इसके बाद उन्होंने हँसकर अंगड़ाई ली। दूसरे दिन सुबह आठ बजे तक चैन की नींद सोए।

1)यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?
उत्तर-अकबरी लोटा
2)गद्यांश के लेखक का नाम लिखो।
उत्तर-अन्नपूर्णानन्द वर्मा
3)पंडित विलवासी जी को देर रात तक नींद क्यों नहीं आ रही थी?
उत्तर-उसने अपनी पत्नी के सिकडी से ढाई सौ रुपये निकाले थे।
4)कमरे में जाकर उन्होंने ताली से क्या खोला?
उत्तर-संदूक
5)विलवासी जी ने कितने रूपये उस संदूक में रख दिए?
उत्तर-ढाई सौ रुपये

2)प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
1)निखिल को किसका जुनून था?
उत्तर-बड़ों की सेवा करने का
2)बड़ी बुआ उन बच्चों को क्या कह कर बुलाती थी?
उत्तर-बड़ी बुआ उन्हें मैगनेट कहकर बुलाती थीं।
3)Iभीड़ में प्रधान पात्र कौन था?
उत्तर-अंग्रेज

3)प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए।
1)विलवासी जी का चरित्र- चित्रण कीजिए।
उत्तर-विलवासी जी के चरित्र की निम्नलिखित विशेषताएँ इस प्रकार हैं-
<u>चतुर</u>-विलवासी जी ने बड़ी चतुराई से उस पुराने से लौटे का पाँच सौ रुपया लेकर लाला झाऊलाल को दे दिए।
<u>मित्र की सहायता करने वाला</u>-जब झाऊलाल ने कहा कि मेरी पत्नी को ढाई सौ रुपये की ज़रूरत है तो उसी समय उसने अपने पति के संदूक से ढाई सौ रुपये उसे देने के लिए निकाले।
2)निखिल की सेवा भावना व दूसरों की मदद करने की भावना कैसे रंग लाई?
उत्तर-निखिल की सेवा भावना रंग लाई। निखिल ने जिस व्यक्ति की जान बचाई, वह व्यक्ति निखिल और अखिल के पिता निकले।दादा-दादी व बुआ सभी अस्पताल में घायल उस व्यक्ति को देखकर हैरान रह गए। दादी को अपनी क़िस्मत बाहर यक़ीन नहीं हो पा रहा था। दादा दादी ने उस व्यक्ति को गले से लगा लिया। निखिल और अखिल भी अपने पिता के गले लगे।इस प्रकार निखिल द्वारा की गई सेवा भावना ने उस पूरे परिवार को अपने पुत्र भाई व पिता को मिलवा दिया

4)निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
1)बाहर हवा चल रही है।(क्रिया विशेषण का भेद बताइए)
बाहर- स्थान बाचक क्रिया विशेषण
2)हम बाज़ार गए <u>परंतु</u> वहाँ कोई फल नहीं मिला।
रेखांकित शब्द का पद परिचय कीजिए
समुच्चय बोधक, अविकारी शब्द
3)संधि कीजिए–दु:+साहस,नि:+चल
दुस्साहस ,निश्चल
4)संधि विच्छेद कीजिए– नमस्ते , रजोगुण
नम:+ते ,रज:+गुण

5)विमल वाणी ने वीणा ली।(अलंकार का भेद बताइए)
अनुप्रास अलंकार
6)काली घटा का घमंड घटा।(अलंकार का भेद बताइए)
यमक अलंकार
7)भगवान आपको दीर्घायु करें।(अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताए)
इच्छा वाचक वाक्य